Title: Need to retain office of Provident Fund relating to employees of coalmines at Jabalpur, Madhya Pradesh.

श्री दादा बाबूराव परांजपे (जबलपुर) : सभापति महोदय, जबलपुर स्थित कोयला खदान भविष्य निधि कार्यालय लगभग ८० हजार कोयला खदान मजदूरों की भविष्य निधि की देखभाल करता है। यहां पर इस कार्यालय को स्थापित करने के लिए केन्द्र सरकार ने कार्यालय भवन एवं शासकीय कालोनी का निर्माण कर भारी भरकम राशि व्यय की है, लेकिन इस कार्यालय को विखंडित कर इसे बिलासपुर स्थानान्तरित किया जा रहा है तथा दलील यह दी जा रही है कि जबलपुर के २०० किलोमीटर के निकट कोई कोयला खदान नहीं है, जबकि बिलासपुर में भी कोयला खदानों की दूरी २०० किलोमीटर से अधिक है। जब ऐसी ही स्थितियां आसनसोल, रांची में निर्मित हुई थीं तब वहां पर एक ही शहर में दो एवं तीन से अधिक कोयला खान भविष्य निधि के क्षेत्रीय कार्यालय खोले गये। इसी तारतम्य में जबलपुर में इस कार्यालय पर यदि भार आता है तो अन्य शहरों के समान यहां पर भी दो या तीन क्षेत्रीय कार्यालय खोले जायें, लेकिन इस कार्यालय को विखंडित कर दूसरे शहरों में स्थानान्तरित करना उचित नहीं होगा।